# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in


**दिनांक 10.09.2022 (दिन–शनिवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के शिविर कार्यालय (डी0ए0वी0 पी0जी0 कॉलेज, आजमगढ़) के सभागार में आयोजित की गई कार्य परिषद् की बैठक संख्या 02/2022 का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थितिः–**

बैठक में एक सम्मानित सदस्य श्री श्रीचन्द शर्मा, एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद्, लखनऊ द्वारा वर्चुअल माध्यम से तथा शेष सभी सदस्यों द्वारा भौतिक रूप से प्रतिभाग किया गया।

| क्र. | नाम | पद व सम्बद्धता/पता | कार्य परिषद में दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा | कुलपति, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 प्रेमचन्द यादव | प्राचार्य, डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, आजमगढ़ | सदस्य |
| 3. | डॉ0 शर्वेश पाण्डेय | प्राचार्य, डी0सी0एस0के0 पी0जी0 कालेज, मऊ | सदस्य |
| 4. | डॉ0 यादवेन्द्र कुमार आर्य | कार्यवाहक प्राचार्य, गया प्रसाद राजकीय महिला कालेज, अंबारी, आजमगढ़ | सदस्य |
| 5. | डॉ0 नागेन्द्र द्विवेदी | प्राचार्य, श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज, चण्डेश्वर, आजमगढ़ | सदस्य |
| 6. | डॉ0 ज्ञान प्रकाश वर्मा | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी मण्डल | सदस्य |
| 7. | श्री श्रीचन्द शर्मा | एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद्, लखनऊ | सदस्य |
| 8. | श्री वीरेन्द्र प्रसाद कौशल | कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | सचिव |

मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव जी द्वारा समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ की गई। कुलसचिव जी द्वारा सभी सदस्यों को बैठक की सूचना व कार्यसूची ई–मेल/व्हाट्सएप तथा फोन के माध्यम से बैठक से पूर्व ही उपलब्ध करा दी गई थी। कुलसचिव जी द्वारा मदवार कार्यसूची पढ़ी गई जिस पर कार्य परिषद् द्वारा समुचित अवलोकन एवं विचारोपरान्त निर्णय लिए गए।

**मद संख्या 01–** कार्य परिषद् (संख्या 01/2022) दिनांक 25.06.2022 की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं कृत कार्यवाही मा0 कार्य परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

कुलसचिव
महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय
आजमगढ़

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in


**संकल्प–** कार्य परिषद् द्वारा अपनी पूर्व बैठक की कार्यवाही/कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया तथा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**मद संख्या 02–** विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 08.09.2022 की कार्यवाही मा0 कार्य परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**संकल्प–** कार्य परिषद् द्वारा विद्वत परिषद् की उक्त (प्रथम) बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 03–** वित्त समिति की प्रथम बैठक 12 जुलाई, 2022 को पारित बजट अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।

**संकल्प–** कार्य परिषद् द्वारा अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 04–** सम्बद्ध महाविद्यालयों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सम्बद्धता सम्बंधी प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार निर्णय लिए जाने सम्बन्धी प्रकरण मा0 कार्य परिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**संकल्प– 4.1** महिला महाविद्यालयों से सह–शिक्षा में परिवर्तन हेतु प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्तावों पर मा0 कुलपति जी द्वारा गठित निरीक्षण मण्डल की संस्तुति पर विचारोपरान्त निम्नवत दो महाविद्यालयों को सह–शिक्षा हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। परन्तु तीसरे महाविद्यालय, श्री कवलधारी महिला महाविद्यालय बाबा ईश्वरपुर, की निरीक्षण मण्डल आख्या प्राप्त न होने के कारण उक्त महाविद्यालय के प्रकरण पर विचार–विमर्श करना स्थगित किया गया।

| क्र.सं. | महाविद्यालय का नाम | निरीक्षण का दिनांक व निरीक्षण मण्डल की संस्तुति |
|---|---|---|
| 1 | विकायल विक्रमा राय महिला पी0जी0 कालेज हरैया, सगड़ी, आजमगढ़ | 27.06.2022, निरीक्षणोपरान्त उपरोक्त तथ्यों के आलोक में महिला महाविद्यालय को सह–शिक्षा महाविद्यालय में परिवर्तित करने हेतु सभी मानक पूर्ण पाये गये। अतः हम निरीक्षण मण्डल के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से संस्तुति प्रदान की जाती है। |
| 2 | पार्वती महिला पी0जी0 कालेज दोहरीघाट, मऊ | 02.08.2022, हमने अवस्थापना सुविधावों के सम्बन्ध में स्वयं अभिलेखों एवं स्थल का निरीक्षण किया है और मानक पूर्ण होने की स्थिति में पूर्णतः संतुष्ट है। यदि निरीक्षण आख्या में कोई त्रुटि भविष्य में प्रकाश में आयेगी तो सभी सदस्य सामूहिक रूप से दण्ड के भागीदार होगें। |



कुलसचिव
महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय
आजमगढ़

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in


| | | |
|---|---|---|
| | | अतः निरीक्षण मण्डल द्वारा पार्वती महिला पी0जी0 कालेज, दोहरीघाट, मऊ को स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत सह–शिक्षा महाविद्यालय में सत्र 2022–23 से परिवर्तित किये जाने के लिये प्रबल संस्तुति की जाती है। |
| 3 | श्री कवलधारी महिला महाविद्यालय बाबा ईश्वरपुर, आजमगढ | निरीक्षण आख्या अप्राप्त है। |

**संकल्प–4.2** कार्यपरिषद् द्वारा संज्ञान लिया गया कि नवस्थापित महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के मा0 कुलपति जी ने 1 जनवरी, 2022 को कार्यभार ग्रहण किया था तत्पश्चात् कुलसचिव की नियुक्ति 8 जनवरी, 2022 को तथा वित्त अधिकारी (अतिरिक्त कार्यभार) की नियुक्ति 30 जनवरी, 2022 को हुई। डी0 ए0 वी0 पी0 जी0 कॉलेज, आजमगढ़ में शिविर कार्यालय की आंशिक व्यवस्था मार्च माह तक हो पाई। कर्मचारियों व अधिकारियों का अभाव तथा मूल विश्वविद्यालय, जौनपुर से अभिलेखो/पत्रावलियों का हस्तान्तरण मार्च–अप्रैल, 2022 में होने, नवस्थापित विश्वविद्यालय का अनापत्ति व सम्बद्धता के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के ऑनलाइन एन0आई0सी0 पोर्टल पर पंजीकृत व लिंक न होने आदि अन्य अपरिहार्य परिस्थितियां होने के कारण महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय द्वारा अनापत्ति/सम्बद्धता सम्बन्धी कार्यवाहियाँ पूर्ण नहीं हो पाने के कारण सत्र 2022–23 मे महाविद्यालयों की सम्बद्धता के सम्बन्ध में कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति निम्नलिखित से निर्णय लिए:

(i) सत्र 2022–23 में समस्त सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/समस्त स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों का अस्थाई सम्बद्धता विस्तरण कर दिया जाए।

(ii) जिन महाविद्यालयों में सत्र 2022–23 मे सम्बद्धता हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण मण्डल नियुक्त कर दिए गए थे, परन्तु उनकी कार्यवाही अभी पूर्ण नहीं हो पाई हैं, ऐसे निरीक्षण मण्डल की आख्या/संस्तुति सत्र 2023–24 से अस्थाई अथवा स्थाई सम्बद्धता हेतु (जैसा लागू हो) मान्य कर ली जाए। ऐसे महाविद्यालय को निरीक्षण कराकर निरीक्षण आख्या विश्वविद्यालय में जमा कराने हेतु 31 मार्च 2023 तक का समय दे दिया जाए। शेष कार्यवाही उपरोक्त बिन्दु (i) के अनुसार लागू मानी जाए।

(iii) जिन महाविद्यालयों का सत्र 2022–23 में सम्बद्धता हेतु निरीक्षण हो चुका है और निरीक्षण मण्डल द्वारा स्थाई सम्बद्धता प्रदान करने की संस्तुति की गयी है ऐसे महाविद्यालयों के स्थाई सम्बद्धता प्रदान किये जाने के प्रकरण अगली बैठक में सम्बद्धता समिति के परीक्षण के उपरान्त प्रस्तुत किये जाएं। शेष कार्यवाही उपरोक्त बिन्दु (i) के अनुसार लागू मानी जाए।

कुलसचिव
महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय
आजमगढ़

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in


उपरोक्त तीनों बिन्दुओं पर कुलसचिव जी द्वारा तदानुसार महाविद्यालयों की सूची सहित कृत कार्यवाही का विवरण अगली बैठक की कार्यसूची के साथ प्रस्तुत किया जाए।

अन्त में सभी माननीय सदस्यगणों को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव जी द्वारा बैठक का समापन किया गया।

**(वी0पी0 कौशल)**
कुलसचिव एवं सचिव–कार्यपरिषद्

**(प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा)**
मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष–कार्यपरिषद्

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय
आजमगढ़